हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, हरियाणा सरकार के अधीन स्वायत्त संगठन)
**Board of School Education Haryana**
(An autonomous organization under the Ministry of Education, Govt. of Haryana)

प्रेषक,

सचिव,
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड,
भिवानी–127021

प्रेषित,

प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य / मुखिया।

क्रमांक : 331 / शैक्षिक / A-7 ई–मेल दिनांक : 17.09.2025

विषय :– अंतरिक्ष क्रांति दिवस 17 सितंबर 2025 को आयोजन के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में आपको अवगत करवाया जाता है माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की सफलता को देखते हुए इंडिया स्पेस वीक ने माननीय प्रधानमंत्री को भारत अंतरिक्ष क्रांति के जनक की उपाधि से सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में ISF (International Space Federation) और ISA (International Space Alliance) द्वारा अंतरिक्ष क्रांति दिवस प्रत्येक वर्ष 17 सितंबर को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाने बारे घोषणा की है।

अंतरिक्ष नवाचार अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालयों / कॉलेजों / स्कूलों में 17 सितंबर को राष्ट्रीय अंतरिक्ष नवाचार प्रदर्शनी नामक एक दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित करने का प्रस्ताव है। जिसमें छात्र / छात्राओं को संलग्न सब–थीम विषयों / टॉपिक में से किसी एक पर मॉडल निर्माण करना है। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर चयनित छात्र / छात्राओं को मॉडल निर्माण की Video और Photo ऑनलाइन माध्यम से 25.09.2025 को मुख्यालय की वेबसाइट www.spacerevolutionday.org पर साझा करें।

अधिक जानकारी के लिए सम्बद्धता नियामक प्राधिकारी इंडिया स्पेस वीक, नई दिल्ली से प्राप्त पत्र साथ संलग्न है।

17/09/25.
सहायक सचिव (शैक्षिक)
कृते: सचिव